NSW Police Force

Knife Crime Factsheet

हमारे समुदाय में चाकू-छुरियों से होने वाले अपराध को संबोधित करने के लिए नए कानून लाए जा रहे हैं।

आपके लिए क्या जानना ज़रूरी है

एनएसडब्ल्यू सरकार चाकू-छुरियों से होने वाले अपराध के मुद्दे को संबोधित करने के लिए कई नए उपाय पेश कर रही है।

हमने हाल ही में चाकू-छुरियों से होने वाली हिंसा के विनाशकारी प्रभावों को देखा है, जिसमें मृत्य की घटनाएँ भी शामिल हैं। इन अपराधों का समुदायों पर लंबे समय तक प्रभाव पड़ सकता है। चाकू-छुरियाँ अपने पास रखने या प्रयोग करने वाले लोगों के लिए, उनके निर्णय भी उनके जीवन को हमेशा के लिए बदल सकते हैं।

चाकू-छुरी स्कैनिंग क़ानून[1] का उद्देश्य चाकू-छुरियाँ अपने पास रखने को संबोधित करना और समुदाय की सुरक्षा को बढ़ावा देते हुए चाकू-छुरियाँ मारने से होने वाले अपराध को कम करना है।

ये नये उपाय क्या हैं?
चाकू-छुरी स्कैनिंग क़ानून चाकू-छुरियों से संबंधित हिंसा और घटनाओं को नाकाम करने और रोकने तथा चाकू-छुरियों से होने वाले अपराध की घटनाओं को कम करने के लिए बनाया गया है। इसे समग्र सुरक्षा और समुदाय के विश्वास में सुधार करने के लिए बनाया गया है।

नए कानूनों में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को चाकू-छुरी बेचने के दंड में वृद्धि शामिल है। यह किसी व्यक्ति के लिए, बिना किसी समुचित कारण के, 16 या 17 वर्ष की आयु के बच्चे को चाकू-छुरी बेचना भी अपराध बनाता है।

यह पुलिस को कुछ परिस्थितियों में चाकू-छुरियों और अन्य हथियारों की खोज के लिए हाथ से पकड़ने वाले स्कैनर का उपयोग करने की भी अनुमति देता है।

नई शक्तियाँ कैसे काम करेंगी?
चाकू-छुरी स्कैनिंग क़ानून पुलिस को बिना किसी वारंट के, किसी निर्दिष्ट क्षेत्र में चाकू-छुरी तथा अन्य हथियारों के संबंध में हाथ से पकड़ने वाले स्कैनर के उपयोग के लिए किसी व्यक्ति को रोकने और प्रस्तुत करने की शक्ति देता है। (यह निर्दिष्ट क्षेत्रों में लागू हो सकता है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी किसी स्थान को निर्दिष्ट क्षेत्र तभी घोषित कर सकता है जब पिछले 12 महीनों में उस स्थान पर कुछ अपराध हुए हों।

वरिष्ठ अधिकारी को यह भी विचार करना होगा कि हाथ से पकड़ने वाले स्कैनर का उपयोग चाकू-छुरी से होने वाले अपराध का पता लगाने या उसे रोकने में प्रभावी होने की संभावना है।

उन्हें क़ानूनी गतिविधियों पर पड़ने वाले प्रभाव पर भी विचार करना होगा, यदि उस स्थान के लिए पहले कोई घोषणा की गई है, और क्या उस घोषणा के दौरान चाकू-छुरी या हथियार पाए गए थे।

किस प्रकार के स्थान घोषित किये जा सकते हैं?
निम्नलिखित स्थानों को निर्दिष्ट क्षेत्र घोषित किया जा सकता है:

- सार्वजनिक परिवहन स्टेशन जैसे कि ट्रेन स्टेशन, बस स्टॉप और किसी एक परिवहन स्थल से दूसरे परिवहन को पकड़ने के स्थान;
- सार्वजनिक परिवहन वाहन जिनमें बसें, लाईट रेल वाहन, नौकाएँ और ट्रेनें शामिल हैं;
- ख़रीदारी करने के स्थान;
- खेल के स्थान; और
- विनियमों द्वारा निर्धारित अन्य सार्वजनिक स्थान, जिनमें वे स्थान शामिल हैं जहाँ विशेष कार्यकर्म या रातिर्कालीन अर्थव्यवस्था का समर्थन करने वाले कार्यकर्म आयोजित किए जा रहे हैं।

कौन से सुरक्षा उपाय मौजूद हैं?
सुरक्षा उपाय तब लागू होते हैं जब पुलिस अधिकारी किसी व्यक्ति को हाथ से पकड़े जाने वाले स्कैनर के इस्तेमाल के लिए रुकने और प्रस्तुत होने या फिर से प्रस्तुत होने के लिए कहता है। उदाहरण के लिए, पुलिस इस अधिनियम के तहत किसी शक्ति का प्रयोग करते समय अपने शरीर पर पहने जाने वाले वीडियो का उपयोग करेगी, पुलिस को शक्ति का प्रयोग यथासंभव कम से कम आक्रामक तरीके से करना होगा और पुलिस ऐसे व्यक्तियों को केवल उतने समय तक ही हिरासत में रख सकती है, जितना उचित रूप से आवश्यक हो।

दंड क्या हैं?
इस अधिनियम के तहत पुलिस अधिकारी द्वारा निर्दिष्ट माँग का पालन करने में विफल रहना या मना करना अपराध है।

बिना किसी समुचित कारण के पालन न करने पर $5,500 तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

अगर आपके पास चाकू-छुरी रखने का कोई समुचित कारण नहीं है तो सार्वजनिक स्थान पर चाकू-छुरी ले जाना अपराध है।

बिना किसी समुचित कारण के अपने पास चाकू-छुरी रखने पर $11,000 तक का जुर्माना या 4 साल तक की कैद हो सकती है।

नए कानून कब लागू होंगे?
नए कानून 9 दिसंबर 2024 से लागू होंगे।.

अधिक जानकारी

किसी भी मौजूदा घोषणा सहित अधिक जानकारी के लिए, NSW पुलिस बल की वेबसाइट देखें या QR कोड स्कैन करें।

---

[1] कानून प्रवर्तन (शक्तियाँ और जिम्मेदारियाँ) और अन्य कानून संशोधन (चाकू-छुरी अपराध) अधिनियम 2024

दुभाषिया सेवाएँ उपलब्ध हैं (यदि आवश्यक हो तो)

NSW GOVERNMENT